# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 01.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **धनबाद नगर निगम के मेयर पद पर संजीव सिंह विजयी घोषित, निकटतम प्रतिद्वंदी चंद्रशेखर अग्रवाल को 31 हजार 902 वोटों से हराया।**
2. **नगर निगमों में डिप्टी मेयर और नगर परिशदों और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष का होगा अप्रत्यक्ष चुनाव, राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाची पदाधिकारियों को दिए निर्दे□ा।**
3. **डीजीपी तदाशा मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश।**
4. **देश भर के जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव कल से होगा शुरू, सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर।**
5. **रांची में आज से झारखंड राज्य ताउलु चौम्पियनशिप का आयोजन , नानक्वान और चांगक्वान स्पर्धाएं शामिल।**

*********************

धनबाद नगर निगम चुनाव में मेयर पद पर संजीव सिंह ने जीत दर्ज की है । अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। दो दिनों तक चली मतों की गिनती में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल को 31 हजार 902 मतों के अंतर से पराजित किया। मतगणना के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, संजीव सिंह को लगभग 1 लाख 14 हजार 362 वोट मिले।दूसरे स्थान पर रहे चंद्रशेखर अग्रवाल को करीब 82 हजार 460 मत प्राप्त हुए। विजयी प्रत्याशी संजीव सिंह ने इसे जनता की जीत बताया।

इधर चुनाव परिणाम के बाद मेयर उम्मीदवार चंद्रशेखर अग्रवाल ने अपनी हार स्वीकार करते हुए संजीव सिंह को जीत के लिए बधाई दी

*********************

झारखंड के 48 नगर निकायों में संपन्न मतदान के बाद अब नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों में बोर्ड का गठन किया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर शपथ ग्रहण और डिप्टी मेयर और उपाध्यक्षों के चुनाव की रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। आयोग ने सभी निर्वाची पदाधिकारियों को 10 से 20 मार्च के बीच डिप्टी मेयर और उपाध्यक्ष का अप्रत्यक्ष निर्वाचन संपन्न कराने का निर्देश दिया है

*********************

झारखंड में निकाय चुनाव के परिणाम आने के साथ भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से राज्य सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि गैर दलीय चुनाव होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी के समर्थित उम्मीदवारों ने इस चुनाव में अच्छी खासी जीत हासिल की है।उन्होंने राज्य सरकार पर वोटिंग के दौरान पुलिस प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के आरोपों पर कांग्रेस ने जवाब दिया है। कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को अब जनता पर भरोसा नहीं है।

*********************

नागर विमानन मंत्रालय ने घोषणा की है कि ईरान और इस्राएल के बीच बढ़ते तनाव के कारण आज चार सौ 44 उड़ानें रद्द होने की आशंका है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, मंत्रालय ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय–डी.जी.सी.ए यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस के साथ मिलकर काम कर रहा है। यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले एयरलाइंस से अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी गई है।

*********************

केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट में गहराते संकट को देखते हुए एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट जैसी कंपनियों को 11 देश के एयरस्पेस में एंट्री न करने की नसीहत दी है। डी.जी.सी.ए ने जारी एडवाइजरी में कल तक 11 देशों के एयरस्पेस में एंट्री से बचने को कहा है। जिन देशों के एयरस्पेस से दूर रहने को कहा गया है उनमें ईरान, इज़राइल, लेबनान, यूएई, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर शामिल हैं।

*********************

पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने अपराधियों पर अंकुश लगाने और कानून–व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने नक्सल विरोधी अभियानों को और तेज करने तथा आत्मसमर्पण नीति का प्रचार–प्रसार बढ़ाने का निर्देश भी दिया।

*********************

झारखंड पुलिस की विशेष शाखा ने होली पर्व को लेकर सभी जिलों को विशेष सतर्कता के निर्देश दिए हैं। स्पेशल ब्रांच ने पत्र में होली के दौरान पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए सभी जिलों के डीसी और एसएसपी–एसपी को विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

*********************

रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से लापता चार बच्चों को पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि सभी बच्चों को उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया है।

*********************

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने घोषणा की कि मंत्रालय देश भर के जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाने के लिए कल से 24 मार्च तक कई बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि उत्सवों की यह श्रृंखला न केवल जनजातीय विरासत का जश्न मनाएगी, बल्कि स्वदेशी कला रूपों के आर्थिक सशक्तिकरण और राष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान दिलाने के अवसर भी प्रदान करेगी।

*********************

कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। तीनों बच्चे कोसमाडीह, जयनगर के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार, बच्चे दोपहर में अपने घर से निकले थे, लंबे समय तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की जिसके बाद तीनों का शव बरामद हुआ।

*********************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के सभी जिलों के तापमान में अब दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना है। लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आज दिन में आकाश में बादल छाये रहेंगे. मौसम भी शुष्क रहेगा।

*********************

झारखंड राज्य ताउलु चौंपियनशिप आज से रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम स्थित वुशु हॉल में होगी. इसकी शुरुआत ताइची इवेंट से होगी. इसके बाद 8 मार्च को नानक्वान और 15 मार्च को चांगक्वान स्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी।

*********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पश्चिम एशिया में युद्ध की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– ईरान, इजरायल और अमेरिका की मिसाइलों से मध्यपूर्व दहला।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– रांची को 19 और धनबाद को 18 मार्च तक मिलेगा नया डिप्टी मेयर।

**प्रभात खबर** लिखता है– ईडन में आज जीते , तो सेमीफाइनल, हारे तो बाहर।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है पश्चिम एशिया में महासंग्राम।

********समाप्त********